प्रेसनोट / सराहनीय कार्य

(पत्रांक-311/2022 दिनांक 09.11.2022)

दिनांक- 09.11.2022 को 9-November-2022जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-

<u>एटीएम मशीन से पैसा निकालने आये ग्राहकों को बातों में उलझाकर मदद करने के बहाने पासवर्ड देखकर धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर मौके पर ही POS मशीन के माध्यम से आंनलाइन पैसा ट्रांन्सफर कर अवैध रुप से धन अर्जित करने वाले अन्तर्राज्जीय गैंग का शातिर साइबर ठग गिरफ्तार, मौके से 21 अदद एटीएम कार्ड, 13 अदद सिमकार्ड, POS मशीन, एक अदद लग्जरी वाहन,</u> नगद 22000 रूपये व 1,51,375/- रुपये POS मशीन में फ्रीज आदि बरामद-

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री धवल जायसवाल के निर्देशन एवं श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी कसया पियूसकान्त राय के नेतृत्व में साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 08.11.2022 को थाना कसया व साइबर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा विशुनपुरा कट एनएच- 28 के पास से मुखबिर की सूचना पर भोले-भाले लोगो से धोखाधड़ी से एटीएम बदल कर POS पेटीएम मशीन से मौके पर ही संचालित फर्जी एकाउंटो में ग्राहको का पैसा ट्रांसफर करने वाला शातिर साइबर ठग जॉनी शासी पुत्र महावीर शासी नि0 मकान न0-5/52 जी ब्लाक फ्रेन्सी क्लब सुल्तानपुरी थाना सुल्तानपुरी पुरानी दिल्ली को गिरफ्तार कर इसके 01 अदद अपराध में प्रयुक्त स्कैचर मशीन (एटीएम मशीन से सम्बन्धित), एक अदद पेटीएम का POS मशीन, 21 अदद एटीएम कार्ड भिन्न भिन्न बैंको के, 13 अदद फर्जी सिम व अपराध में प्रयुक्त 05 अदद मोबाईल फोन, 02 जोड़ा कूटरचित नम्बर प्लेट, 01 अदद अपराध में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर चार पहिया वाहन, नगद 22000 रूपये व 1,51,375/- रुपये POS मशीन में फ्रीज कराये हुए की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर **मु0अ0सं0 1047/2022 419/420/467/468/471/120बी/406** भादवि व **66(C)(D)** आईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अपराध का तरीका-

1- अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि हम लोग एक चार पहिया वाहन से दिल्ली से मुजफ्फरनगर हापुड़ लखनऊ गोरखपुर होते हुए एक साथ निकलते हैं और रास्ते में पड़ने वाले एटीएम बूथ जिस पर भीड़भाड़ हो, वहां पर जाकर लाइन में खड़े हो जाते हैं और वहां पहले से लाइन में खड़े व्यक्ति को बातों में उलझा कर उनके एटीएम का पासवर्ड देख लेते हैं और मदद करने के बहाने से धोखे से एटीएम कार्ड बदलकर उनको दूसरा एटीएम कार्ड दे देते हैं। फिर तुरंत ही गाड़ी में रखे POS मशीन के माध्यम से उस एटीएम का पूरा पैसा दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लेते हैं।

2- पूछताछ में यह भी बताया कि रास्ते में पड़ने वाले एटीएम बूथ जिस पर भीड़भाड़ कम होता है। वहां पर हम लोग एटीएम मशीन में जहां से पैसा निकलता है वहां पर पीतल से बना एक एटीएम स्ट्रेचर लगा देते हैं जब कोई व्यक्ति एटीएम से पैसा निकालने आता है तो एटीएम से पैसा निकलने के पूरे प्रोसेस के बाद एटीएम स्क्रैचर लगा होने के कारण वह पैसा उसी स्क्रैचर में फंस जाता है जिसको हम लोग बाद में जाकर स्क्रैचर को बाहर निकाल कर के पैसा अपने कब्जे में ले लेते हैं।

Edit with WPS Office

<u>*गिरफ्तार अभियुक्त-*</u>

1-जॉनी शासी पुत्र महावीर शासी उम्र करीब 24 वर्ष नि0 मकान न0-5/52 जी ब्लाक फ्रेन्सी क्लब सुल्तानपुरी थाना सुल्तानपुरी पुरानी दिल्ली।

<u>*विवरण बरामदगी-*</u>

1- 01 अदद अपराध में प्रयुक्त स्कैचर मशीन (एटीएम मशीन से सम्बन्धित)
2- एक अदद पेटीएम का POS मशीन
3- 21 अदद एटीएम कार्ड भिन्न भिन्न बैंको के
4- 13 अदद फर्जी सिम व अपराध में प्रयुक्त
5- 05 अदद मोबाईल फोन
6- 02 अदद जोड़ा कूटरचित नम्बर प्लेटे
7- 01 अदद अपराध में प्रयुक्त स्वीफ्ट डिजायर चार पहिया वाहन
8- नगद 22000/- रूपये
9- 1,51,375/- रुपये POS मशीन में फ्रीज कराये हुए

<u>*गिरफ्तारी करने वाली टीम-*</u>

1-प्र0नि0 श्री मनोज कुमार पन्त साइवर सेल जनपद कुशीनगर
2-व0नि0 श्री हरेराम सिंह यादव थाना कसया जनपद कुशीनगर
3-उ0नि0 श्री आदित्य शाहू थाना कसया जनपद कुशीनगर
4-का0 संजय यादव थाना कसया जनपद कुशीनगर
5-का0 संजय गुप्ता थाना कसया जनपद कुशीनगर
6-का0 कृष्ण कुमार पाण्डेय थाना कसया जनपद कुशीनगर
7-का0 विजय कुमार चौधरी साइबर सेल कुशीनगर
8-का0 चन्द्रभान वर्मा साइबर सेल कुशीनगर
9-का0 अनिल यादव साइबर सेल कुशीनगर
10-का0 प्रशांत मिश्रा साइबर सेल कुशीनगर
11.म0कां0 नेहा यादव साइबर सेल कुशीनगर

थाना क्षेत्र में हुई चोरी/नकबजनी की घटना का सफल अनावरण, चोरी गये आभूषण व नगदी (कीमत लगभग 1,00000/- रु0) के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार-

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री धवल जायसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी खड्डा श्री संदीप वर्मा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 08.11.2022 को थाना नेबुआ नौरंगिया पुलिस द्वारा नौरंगिया तिराहा के पास से मु0अ0सं0 408/22 धारा 457/380/411 भादवि से सम्बंधित 03 अभियुक्तों 1.अमित उर्फ लक्कड़ पुत्र श्रीराम प्रताप सिंह साकिन नौरंगिया विधायत टोला थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर, 2-कृष्णा गौड़ पुत्र गामा गौड़ साकिन नौरंगिया विधायक टोला थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर,

Edit with WPS Office

3-सफी मोहम्मद उर्फ बबलू पुत्र आरिफ अली साकिन पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक जोड़ी पायल सफेद धातु, दो अदद अंगूठी पीली धातु, दो अदद कील पीली धातु, पाँच जोड़ी बिछिया सफेद धातु, एक अदद अंगूठी सफेद धातु, दो अदद मोबाइल फोन व नगद 6550/-रुपये की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रह है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

उल्लेखनीय है कि विगत दिनांक 05.11.22 को आवेदक श्री सदाशिव मणि त्रिपाठी पिता श्री स्व0 विश्वनाथ मणि त्रिपाठी 2.विनयमणि त्रिपाठी पिता श्री स्व0 विश्वनाथ मणि साकिन नौरंगिया थाना नेबुआ नौरंगिया द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि प्रार्थीगण के ग्राम नौरंगिया में हम लोग किसी नीजी कार्य हेतु गोरखपुर चले गये थे। तीन दिन पुर्व में आये तो घर का ताला टुटा हुआ था। जब प्रार्थी अपने घर के अन्दर गया तो घर मे रखा जेवरात गायब था। जिसमें सदाशिव का 6 अदद बिछुआ-एक पायल, तीन सोने की अगूठी ,सीकड़, झुमकी लगा हुआ सोने का एक जोडी कान का झुमका सोने का चार जोडा नाक खिल सोने का दस हजार रूपया नगद चोरी हो गया है। मेरे बगल के छोटे भाई का जिनका नाम विनय है। उनका दस हजार नगद और एव इलेक्टानिक बोलोवर गायब हुआ है। इनके घर ताला तोडा गया है। जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु टीम गठित कर लगाया गया था जिसके क्रम में अभियुक्तगण की गिरफ्तारी करते हुए उनके कब्जे से चोरी गई सम्पत्ति बरामद की गई है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.अमित उर्फ लक्कड़ पुत्र श्रीराम प्रताप सिंह साकिन नौरंगिया विधायत टोला थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर

2. कृष्णा गौड़ पुत्र गामा गौड़ साकिन नौरंगिया विधायक टोला थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर

3.सफी मोहम्मद उर्फ बबलू पुत्र आरिफ अली साकिन पिपरा बाजार थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर

विवरण बरामदगी –

1.एक जोड़ी पायल सफेद धातु ,

2.दो अदद अंगूठी पीली धातु,

3.दो अदद कील पीली धातु ,

Edit with WPS Office

4.पाँच जोड़ी विछिया सफेद धातु ,
5.एक अदद अंगूठी सफेद धातु
6.जामा तलाशी में दो अदद मोबाइल फोन
7. नगद 6550/- रूपये

गिरफ्तार करने वाली टीम-
1-प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव थाना नेबुआ नौरंगिया कुशीनगर
2-उ0नि0 इन्द्रभान थाना ने0नौ0 जनपद कुशीनगर।
3-हे0का0 रियाज खान थाना नेबुआ नौरंगिया कुशीनगर
4-का0 राजेश कुमार यादव थाना नेबुआ नौरंगिया कुशीनगर

थाना को0 पडरौना पुलिस द्वारा 50 पुडिया अवैध स्मैक (कीमत लगभग 30,000/- रु0) व एक अदद मोटरसाईकिल के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद कुशीनगर श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में अवैध मादक/द्रव्य पदार्थों की बिक्री/निष्कर्षण/परिवहन के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.11.22 को थाना कोतवाली पड़रौना पुलिस द्वारा सुबाष चौक के पास से एक नफर अभियुक्त 1-अजीत पुत्र दूधनाथ साही सा0 सेवक छपरा थाना कोतवाली पड़रौना जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 पुडिया स्मैक 24.7 ग्रा0 कुल कीमत लगभग 30,000/- रु0 व एक अदद मोटरसाईकिल की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 674/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1-अजीत पुत्र दूधनाथ साही सा0 सेवक छपरा थाना कोतवाली पड़रौना जनपद कुशीनगर

***बरामदगी का विवरण:**—*
1-50 पुडिया 24.7gram अवैध स्मैक बरामद (30,000 रु0)
2- एक अदद मोटरसाईकिल रजि0 नं0 UP57Y2881 सीज

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम-
1. प्र0नि0 श्री राज प्रकाश सिंह थाना कोतवाली पडरौन जनपद कुशीनगर
2.उ0नि0 श्री रत्नेश कुमार मौर्य थाना को0 पडरौना कुशीनगर
3.. का0 गिरीश कुमार थाना को0 पडरौना कुशीनगर
3.का0 संदीप मौर्य थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर
4.का0 श्रीराम यादव थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर

Edit with WPS Office

थाना कसया पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री धवल जायसवाल के निर्देशन एवं श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के पर्यवेक्षण व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी कसया पियूसकान्त राय के नेतृत्व में अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09/11/2022 को थाना कसया पुलिस टीम द्वारा सपहा रोड लक्ष्मी टाकीज कम्पाउण्ड के पास से मु0अ0सं0 1052/2022 धारा 307/504 भादवि व 30 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त डा0 संजीव कुमार सिंह पुत्र श्री महातम सिह मूल निवास राम गुलाम टोला PS-कोतवाली जनपद देवरिया हा0मु0-सपहा रोड लक्ष्मी कम्पाउण्ड (टाकिज) संजीवनी हास्पीटल PS कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त-
1-संजीव सिंह पुत्र महातम सिंह निवासी सपहा रोड लक्ष्मी टाकिज कम्पाउण्ड कसया थाना कसया जनपद कुशीनगर

विवरण बरामदगी-
1-एक अदद पिस्टल
2-एक अदद खोखा कारतूस
3-दो अदद जिन्दा कारतूस

गिरफ्तारी करने वाले टीम-
01. प्र0नि0 श्री आशुतोष कुमार तिवारी थाना कसया जनपद कुशीनगर
02. व0उ0नि0 श्री हरेराम सिहं यादव थाना कसया जनपद कुशीनगर
03. उ0नि0 श्री संजय कुमार सिंह थाना कसया जनपद कुशीनगर
04. का0 सतीश कुशवाहा थाना कसया जनपद कुशीनगर
05. का0 सुनीलक कुमार थाना कसया जनपद कुशीनगर

थाना सेवरही पुलिस द्वारा 02 अदद अवैध शस्त्र व 01 अदद मोटरसाइकिल के साथ 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 09.11.2022 को थाना सेवरही पुलिस द्वारा दो नफर अभियुक्तगण 1.अमल यादव पुत्र रामनरायन यादव सा0 सिसवा घघवा रुपही थाना धनहा जिला पश्चिमी चम्पारण (बिहार), 2.अनिल गिरी पुत्र राजेन्द्र गिरी सा0 सिसवा घघवा रुपही थाना धनहा जिला पश्चिमी चम्पारण (बिहार) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 अदद अवैध तमन्चा दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक अदद मो0सा0 होण्डा साइन की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 321/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर ग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

Edit with WPS Office

*__गिरफ्तार अभियुक्त-*__
1-अमल यादव पुत्र रामनरायन यादव सा0 सिसवा घघवा रुपही थाना धनहा जिला पश्चिमी चम्पारण (बिहार)
2-अनिल गिरी पुत्र राजेन्द्र गिरी सा0 सिसवा घघवा रुपही थाना धनहा जिला पश्चिमी चम्पारण (बिहार)

विवरण बरामदगी–
1-01 अदद मो0सा0 होण्डा साइन
2-2 अदद अवैध देशी तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

__*गिरफ्तारी करने वाली टीम-*__
1-थानाध्यक्ष श्री संजय कुमार थाना सेवरही जनपद कुशीनगर
2-उ0नि0 सभाजीत सिंह थाना सेवरही जनपद कुशीनगर
3-का0 विशाल गौड़ थाना सेवरही जनपद कुशीनगर
4-का0 मोहम्मद समीम थाना सेवरही जनपद कुशीनगर
5-का0 अवनीश दूबे थाना सेवरही जनपद कुशीनगर

जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 39 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 151 सीआरपीसी के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी ।

कार्यवाही एक नजर में =
1.मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-0, ई-चालान-52 वाहन।
2.107/116 में की गयी कार्यवाही-मु0-39, व्यक्ति-140
3.वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी-(कुल-07)
4.जनपद में कुल गिरफ्तारी–(कुल-46)

सोशल मीडिया सेल
जनपद कुशीनगर

Edit with WPS Office